PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार


**Business Bhaskar, Faridabad**

**Friday, 6th August 2010, Page: 2**

**Width: 6.76 cms Height: 11.42 cms, Ref: pmin.2010-08-06.62.8**

# सरकारी दवा कंपनियां घाटे में

8/2



नई दिल्ली • तीन सरकारी दवा कंपनियां पिछले तीन वित्त वर्षों से करीब 1,500 करोड़ रुपये के घाटे में चल रही हैं। रसायन एवं खाद राज्य मंत्री श्रीकांत कुमार जेना ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया कि फार्मा विभाग के तहत आने वाली 10 सरकारी फार्मा कंपनियों में से पांच बंद हो चुकी हैं और तीन भारी घाटा उठा रही हैं। ये तीनों कंपनियां पिछले तीन वित्त वर्ष में 1523.2 करोड़ रुपये का घाटा उठा चुकी हैं। इनमें से गुड़गांव स्थित इंडियन ड्रग्स एंड फार्मास्युटिकल्स अकेले ही पिछले वित्त वर्षों में 1438.7 करोड़ रुपये का घाटा दिखा चुकी है। इसके अलावा दो अन्य कंपनियां हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड का घाटा 64.15 करोड़ और बंगाल केमिकल्स एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड का घाटा 20.48 करोड़ रुपये रहा है।

6/8/2010

JS(DC)

Gmt.

DS (MR)

6/8/2010